BSNL
Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	दैनिक जागरण	Page No:	10
Place:	नई दिल्ली	Date:	5/9/2018

मैरीकॉम बनीं बीएसएनएल की ब्रांड एंबेसडर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने ओलंपिक पदक विजेता मशहूर बॉक्सर एमसी मैरीकॉम को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

मैरीकॉम दो वर्ष तक यह जिम्मेदारी निभाएंगी और बीएसएनएल की विभिन्न गतिविधियों एवं सेवाओं का प्रचार-प्रसार करने में सहायता करेंगी। मैरीकॉम को ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए बीएसएनएल को बधाई देते हुए पर दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन ने कहा कि इस गठजोड़ से बीएसएनएल को अपनी ब्रांड छवि सुधारने के साथ-साथ ग्राहक आधार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बीएसएनएल के सीएमडी अनुपम श्रीवास्तव ने कहा मैरीकॉम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं और युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

दूसरी ओर, मैरीकॉम का कहना था कि बीएसएनएल भारत का सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रांड है जो देश के उन सुदूर हिस्सों में अपनी सेवाएं पहुंचाता है जहां दूसरे दूरसंचार सेवाप्रदाता नहीं पहुंच पाते। यह अकेला ब्रांड है जो प्राकृतिक आपदाओं के वक्त भी प्रभावी ढंग से सेवाएं पहुंचाता है।